निवेश परियोजनाओं में सहयोग करने की अपील होगी, सभी विधायकों को पत्र भेजेंगे

# विधायक निवेश की मुहिम में जुटेंगे

**तैयारी**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी में निवेश लाने के मुहिम में अब विधायक भी जुटेंगे। प्रदेश सरकार इस कवायद में इनका भी सहयोग लेगी। सभी विधायकों से कहा जाएगा कि वह अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में निवेशकों की समस्याओं को समाधान कराने में मदद करें।

औद्योगिक विकास विभाग इस संबंध में सभी विधानसभा सदस्यों को पत्र भेजने जा रहा है। इसमें कहा गया है कि वह निवेश परियोजनाओं को लाने के लिए अपने सुझाव दें और इस मुहिम में आ रही बाधाओं को दूर करने में सहयोग दें। जिलों में औद्योगिक परियोजनाओं के लिए उपयुक्त जमीन तलाशने में सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने जिलों की जीडीपी बढ़ाने में विधायकों के सहयोग की अपील की थी। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री ने निवेश बढ़ाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पहचानने व उन्हें प्रेरित करने को कहा था।



■ अपने क्षेत्र में निवेशकों की मदद करने को कहा गया

## निवेश लाने ओसाका जाएंगे यूपी के अधिकारी

उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल ग्रीन हाईड्रोजन के क्षेत्र में निवेश लाने के लिए जापान का दौरा करेगा। इसी माह 25 जुलाई से 29 जुलाई तक ओसाका (जापान) में होने होने वाले विश्व एक्सपो में यूपी का एक प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। इसमें मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद, एसीएस ऊर्जा नरेंद्र भूषण व कैमिकल इंजीनियरिंग विशेषज्ञ प्रो. विट्ठल गोले शामिल हैं।

# हैदराबाद में आज दिखेगी यूपी की कारोबारी ताकत

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** नई दिल्ली के बाद अब हैदराबाद में उत्तर प्रदेश की वैश्विक कारोबारी ताकत की झलक देखने को मिलेगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण से पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में मेगा रोड शो आयोजित कर रही है। इस कड़ी में नई दिल्ली के बाद अगला रोड शो 11 जुलाई शुक्रवार को हैदराबाद में होने जा रहा है।

यह रोड शो व्यापार, निवेश, निर्यात और नवाचार के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की क्षमताओं को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करेगा। इस रोड शो में टीम योगी की ओर से एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग व हैंडलूम और टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान योगी सरकार के विजन को प्रस्तुत करेंगे। इस मेगा रोड शो का उद्देश्य यूपी के निर्यात विजन 2025 को देश के सामने स्पष्ट रूप से पेश करना है।

## बेंगलुरु, अहमदाबाद और मुंबई में भी रोड शो

यह रोड शो ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर 2025 के बीच आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के लिए उद्योग जगत और विदेशी प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने और उन्हें सहभागी बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। नई दिल्ली में इसकी पहली कड़ी सफलतापूर्वक आयोजित हो चुकी है, जबकि आगामी रोड शो बेंगलुरू (18 जुलाई), मुंबई (25 जुलाई) और अहमदाबाद (30 जुलाई) में प्रस्तावित हैं।